अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
म्हारो लक्ष्य - राष्ट्र री प्रगति
स्थापित 1935

# समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• फरवरी २०२० • वर्ष ७१ • अंक ०२
मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००




*१४ फरवरी २०२०, कोचीन: केरल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का गठन : चित्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ, उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन गाड़ोदिया एवं केरल सम्मेलन के सदस्यों के साथ नवनिर्वाचित संस्थापक अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल (पगड़ी पहने हुए) परिलक्षित हैं।*



*२६ जनवरी २०२०: सम्मेलन के केन्द्रीय कार्यालय भवन डकबैक हाउस, कोलकाता के समक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ द्वारा पदाधिकारियों-सदस्यों के साथ झंडोत्तोलन।*

## अखिल भारतीय समिति की बैठक

**22 मार्च 2020 (रविवार)**

**होटल विश्वरत्न, गौहाटी**

आतिथ्य: पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन

## नवनिर्वाचित प्रादेशिक अध्यक्ष



श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल
केरल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन



श्री गोविन्द अग्रवाल
उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन

## होली की रंगारंग शुभकामनाएँ!


LINC
pentonic
pentonic
₹10 per pen
AVAILABLE IN 10 COLOURS
LINC PEN & PLASTICS LIMITED | 3, ALIPORE ROAD, KOLKATA - 700 027 | +91 98365 62100 | customercare@lincpen.com

# समाज विकास

◆ फरवरी २०२० ◆ वर्ष ७१ ◆ अंक ०२

◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००


## अनुक्रमणिका

शीर्षक | पृष्ठ संख्या


- **चिट्ठी आई है/शुभकामनाएँ** ३
- **सम्पादकीय : शिव कुमार लोहिया** ५
  संघे शक्ति कलियुगे
- **अध्यक्षीय : सन्तोष सराफ** ७
  चिकित्सा-सुविधा सभी को हो उपलब्ध
- **रपट –**
  केरल में प्रादेशिक शाखा की स्थापना ११,३१
  सम्बलपुर में छात्रावास के लिए भूमिपूजन १२,२४
  राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक १३
  राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक १४
  सम्मेलन का गणतंत्र दिवस समारोह १५-१६
  गोपेश्वर में विद्यालय का लोकार्पण १७
- उत्कल सम्मेलन के अध्यक्ष का चुनाव २१
- **होली में उपाधियों का मुक्तहस्त वितरण** २२-२३
- **रपट** – बेंगलुरु शाखा का अंगदान शिविर २९
- **लाफ्टर थेरेपी** ३०,३२
- **प्रांतीय समाचार** – झारखंड/गुजरात ३२
- **समाचार सार** ३३
- राजिया रे सोरठे ३४
- देव-स्तुति ३७
- सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत ३९-४२


### स्वत्वाधिकारी


**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन**
**All India Marwari Federation**

**प्रशासनिक एवं सम्पर्क कार्यालय** : ४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, **कोलकाता - ७०००१७**
**फोन : ०३३-४००४ ४०८९**

पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (द्वितीय तल), महात्मा गांधी रोड कोलकाता - ७००००७

◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

स्वत्वाधिकारी ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिये **श्री भानीराम सुरेका** द्वारा ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन, ४बी, डकबैक हाउस (४ तल्ला), कोलकाता-१७ से प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित।

**◆ प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा ◆ सम्पादक : शिव कुमार लोहिया**

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।


## चिट्ठी आई है

মমতা ব্যানার্জী
ममता बैनर्जी
ممتا بنرجی
**Mamata Banerjee**



মুখ্যমন্ত্রী, পশ্চিমবঙ্গ
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल
وزیراعلیٰ مغربی بنگال
CHIEF MINISTER, WEST BENGAL

20th February, 2020

MESSAGE

I am happy to know that **All India Marwari Federation** will be organizing the event- '**Holi Preeti Milan**' on 1st March, 2020 at Kala Mandir Auditorium, Kolkata.

I wish the function success and convey my heartiest greetings and best wishes to all sections of the Marwari Community of the State on this memorable occasion.

(Mamata Banerjee)

Shri Santosh Saraf
National President
All India Marwari Federation
4B, Duckback House (4th Floor)
41, Shakespeare Sarani
Kolkata- 700017

---


**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन**
4बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला)
41, शेक्सपियर सारणी, कोलकाता-700 017

**समाज से सादर निवेदन**

**वैवाहिक अवसर पर मद्यपान करना - कराना धार्मिक एवं सामाजिक दोनों रूप से उचित नहीं है।**

**प्री-वेडिंग शूट हमारी सभ्यता एवं संस्कृति के खिलाफ है।**

**समाजहित में इनसे परहेज करें।**

**निमंत्रण में ई-कार्ड को बढ़ावा दें।**

स्थापित : १९३५ फोन : (०३३) ४००४ ४०८९ ई-मेल : aimf1935@gmail.com वेबसाईट : www.marwarisammelan.com

# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
# ALL INDIA MARWARI FEDERATION

(Regd. under W.B. Societies Act XXVI of 1961)

४बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला), ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०० ०१७

4B, Duckback House (4th Floor), 41, Shakespeare Sarani, Kolkata - 700 017

प्रमुख उद्देश्य
समाज सुधार, समरसता,
राजनैतिक चेतना एवं राष्ट्रीय एकता

राष्ट्रीय अध्यक्ष
संतोष सराफ
9830021319

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
विवेक गुप्त
[illegible]0336200
गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया
9431582989
राज कुमार पुरोहित
9821243352
विजय कुमार किशोरपुरिया
9234667111
अनिल कुमार जाजोदिया
9415201641
पवन कुमार गोयनका
9312509329

राष्ट्रीय महामंत्री
श्रीगोपाल झुनझुनवाला
9331017416

राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री
संजय हरलालका
[illegible]04154115
[illegible]दर प्रसाद बिदावतका
9331015088

राष्ट्रीय संगठन मंत्री
गोपाल अग्रवाल
9331016950

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
कैलाशपति तोदी
9830044079

प्रादेशिक शाखा सम्मेलन
बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंग, उत्कल, पूर्वोत्तर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक एवं गुजरात।

Contributions exempted under Section 80G of Income Tax Act

अ.भा.मा.स./१९/२०१९-२० २४ फरवरी २०२०

**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की**
**अखिल भारतीय समिति के सभी सदस्यों की सेवा में**

मान्यवर,

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति की आगामी बैठक **पूर्वोत्तर प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में, रविवार, २२ मार्च २०२० को सुबह ११:३० बजे से, होटल विश्वरत्न (ए.टी. रोड, टाकोबारी रोड, फैंसी बाजार के सामने), गौहाटी** में, निम्नलिखित विषयों पर विचारार्थ आयोजित की गयी है।

**बैठक का सभापतित्व सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ करेंगे।**

बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थित है।

भवदीय,

(श्रीगोपाल झुनझुनवाला)
राष्ट्रीय महामंत्री

विचारार्थ विषय:

१. अध्यक्षीय संबोधन।
२. गत बैठक का कार्यवृत्त पारित करना।
३. महामंत्री की रपट।
४. नये सत्र हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन पर चुनाव अधिकारी द्वारा रपट-प्रस्तुति।
५. संविधानसम्मत प्रक्रिया से राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन।
६. विविध - अध्यक्ष की अनुमति से।

संलग्न:

१. गत बैठक का कार्यवृत।
२. चुनाव अधिकारी का पत्र।

विशेष नोट:

१. १५ दिसम्बर २०१९ को आयोजित सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में नये सत्र के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु श्री नंदलाल सिंघानिया को चुनाव अधिकारी एवं श्री संजय हरलालका को सहायक चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया और चुनाव की नियमावली से सम्बंधित निर्णय लिए गए।

२. असम के बाहर से पहुँचने वाले माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने आगमन एवं प्रस्थान संबंधी पूर्व सूचना श्री प्रदीप कुमार भुवालका को ह्वाट्सअप (मो. ९४३५३९१०००) या ईमेल omshivauto408@gmail.com एवं केन्द्रीय सम्मेलन कार्यालय को ह्वाट्सअप (मो. ८६९७३१७५५७) या ईमेल aimf1935@gmail.com पर १० मार्च २०२० के पूर्व देने की कृपा करें ताकि आवश्यकतानुसार स्वागत एवं निवास आदि की समुचित व्यवस्था की जा सके।

पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (दूसरा तल्ला), महात्मा गांधी रोड, कोलकाता - ७०० ००७, फोन : (०३३) २२६८ ०३१९
सम्मेलन भवन : २५ए, राजा राममोहन राय सरणी (अम्हर्स्ट स्ट्रीट), कोलकाता - ७०० ००९, फोन : (०३३) २३५० ९९२९

**सम्पादकीय चिन्तन**



# संघे शक्ति कलियुगे

केरल प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के गठन के उपरांत अब अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की पूरे दक्षिण भारत में उपस्थिति दर्ज हो गई है। जानकार सूत्रों के अनुसार इन सभी प्रांतों में पदाधिकारीगण एवं सदस्य उत्साह, लगन से भरपूर हैं। यह एक अत्यंत ही हर्ष का विषय है। दक्षिण भारत के लिए संगठन-प्रभारी श्री बसंत मित्तल का प्रयास एवं योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय है। अब देश के १७ प्रमुख राज्यों में प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के माध्यम से अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन क्रियाशील है। सम्मेलन का अखिल भारतवर्षीय स्वरूप अब उभर कर आ रहा है। समाज के लिए यह शुभ संकेत है। हम सभी जानते हैं कि देश का ऐसा कोई प्रदेश नहीं है जहाँ समाजबंधु नहीं बसे हुए हों। उन सबों को एक सूत्र में पिरोना दुष्कर एवं प्रयाससाध्य कार्य है। इसी के साथ एकल सदस्यता के तहत वर्तमान सत्र में सदस्यों की संख्या में शत-प्रतिशत वढ़ोत्तरी एक मायने रखती है। सदस्यों की बढ़ोत्तरी सिर्फ संख्या नहीं है। प्रत्येक सदस्य सम्मेलन को अपनी ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे सम्मेलन और अधिक ताकतवर होता है। कलयुग में संगठन को ही शक्ति कहा गया है।

सम्मेलन के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में सन् १९५५-५६ के दौर में भी संगठन को सशक्त करने का प्रयास हुआ था। इस दरम्यान मैसूर, आन्ध्रा एवं मद्रास प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का गठन हुआ। मैसूर एवं मद्रास में प्रांतीय सम्मेलनों के काफी प्रभावशाली अधिवेशन सम्पन्न हुए। इस कालखंड में पंजाब प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का भी उद्घाटन हुआ। सन् १९६० में उत्तर प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन का भव्य अधिवेशन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के तत्कालीन पदाधिकारियों ने सम्मेलन एवं समाज संगठन के लिये देश के विभिन्न भागों में २६ दौरे किये। असम, बंगाल, बिहार एवं उड़ीसा में सम्मेलन पहले से ही सक्रिय था। इन प्रांतो में समाजबंधुओं को विभिन्न प्रकार की प्रताड़नाओं का सामना करना पड़ा था। इसलिये वहाँ संगठन मजबूती से उभर कर आया। ज्ञातव्य है कि सन् १९४२ के आसपास युद्धजन्य परिस्थितियों के कारण असम, उड़ीसा एवं अन्य प्रांतों से लोग भयभीत होकर पलायन कर रहे थे। इनको भयभीत होकर राजस्थान जाने से रोकने के लिए सम्मेलन की कार्यकारिणी समिति में विचार-विमर्श किया गया। उस बैठक में तत्कालीन सम्मेलन सभापति बृजलाल बियाणी ने कहा – "जो परिस्थितियाँ हैं उनमें हमें यह देखना चाहिए कि सम्मेलन हमारे समाज को क्या सहायता एवं सलाह दे सकता है। यह तो ठीक नहीं कि संकट की आशंका से ही भागकर हम राजस्थान पहुँच जायें क्योंकि जिन राज्यों में हम निवास करते हैं, वहाँ न रहने से हमारे आर्थिक हितों को हानि पहुँचेगी। जिन प्रांतो में हमने परिश्रम एवं अध्यवसाय से व्यापार स्थापित किया है उनको इस समय छोड़ना न तो लौकिक दृष्टि से ठीक है और न ही नैतिक दृष्टि से। यदि ऐसा हुआ तो हमारे समाज को सदा के लिए क्षति पहुँचेगी।" बियाणी जी ने कहा था कि इस समय राजस्थान में कर्म क्षेत्र का भी अभाव है। सम्मेलन को इस दिशा में तत्पर होना चाहिए।

आम सहमति के फलस्वरूप श्री प्रभुदयाल जी हिम्मतसिंहका, रावतमल जी नोपानी और श्री भंवरमल जी सिंघी ने तत्काल उन प्रदेशों का दौरा किया एवं अलग-अलग स्थानों में जाकर लोगों को धैर्य दिलाया एवं उत्साह बढ़ाया। स्थानीय समाजबंधुओं से अपने स्थान एवं व्यापार न छोड़ने के लिए आग्रह किया। उसका असर भी हुआ। इसी प्रकार भंवरमल जी सिंघी ने उड़ीसा का दौरा भी किया। जगह-जगह उन्होंने सम्मेलन का संदेश पहुँचाया।

इसके बाद भी जहाँ-जहाँ भी समाजबंधुओं पर संकट के बादल मंडराये, सम्मेलन ने जाकर अपनी पहली भूमिका निभाई। इसी कारण आज हम देखते हैं कि सम्मेलन अपनी शाखाओं के माध्यम से उन राज्यों में गाँवों तक सक्रिय है। समाज सुधार के कार्यों में भी सम्मेलन की उल्लेखनीय भूमिका रही है। इन कार्यों को सम्मेलन के सदस्यों ने सक्रियता के साथ विकट परिस्थितियों का सामना करते हुए अंजाम दिया है। अवसर के अनुसार भविष्य में इसी स्तम्भ में इस विषय पर विस्तृत चर्चा करूँगा। वर्तमान सदस्यों को इन जानकारियों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

**शिव कुमार लोहिया**



SREI Foundation

IISD Edu World
Be a Leader...

*"Educate Morally & Technically"* — Swami Vivekananda

Swami Vivekananda SREI Merit Scholarship upto 100% Quality Education at most affordable fees

## Hospitality

### Hospitality Management & Culinary Arts

Newly Introduced



BTED – HND in Hospitality Management

awarded by EDEXCEL, UK (A Pearson Global Education Undertaking)

## Language School

- Functional English
- Spanish
- Russian
- Chinese
- French
- Hindi
- SANSKRIT
- Spoken English
- Italian
- German
- Persian
- Bahasa (Indonesia)
- Bengali

## Assistance for placement

- Complementary Spoken English
- Online Application Facility
- Regular/Weekend Classes
- AC Classrooms
- P G Accommodation

### Centre for Administrative Services / WBCS

Course Director: Dr.Bikram Sarkar (IAS retd.)

- Indian Administrative Service (IAS) and Allied Services Examinations (Prelim and Main)
- WBCS (Executive) and Judicial Services Examinations (Prelim and Main)

## Health Care

Preparatory course for Joint Entrance of MD/MS, DNB and MRCP (Part-I) Medicine

"Family Medicine Certificate Course (First Aid)

## Business School

- AIMA recognized PGDM (2Yrs.)
- Tally ERP 9+GST
- Company Secretaryship
- Chartered Accountancy (CPT, IPCC & Final)
- Entrepreneurship Development
- Diploma in Banking and Finance

## Skills

- Web Technology
- Certificate course on Theology
- Soft Skills
- Vocational & Technical Training
- Montessori Teacher Training (1 Year Diploma)
- Certificate Course on Computer Applications
- School Guide
- Bachelor Guide

# IISD EDU World

IB-200/1, Sector-III, Salt Lake, Kolkata - 700 106
Ph : 2335 2378/2861, Fax : 2335 2379
E-Mail : info@iisdedu.in • Website : www.iisdedu.in

18, Ballygunge Circular Road, Kolkata-700019
Website : www.iisdeduworld.com
Email : iisdedu@gmail.com
Ph : 46001626 / 27

अध्यक्षीय

# चिकित्सा-सुविधा सभी को हो उपलब्ध



**– सन्तोष सराफ**

मारवाड़ी सदा से ही उद्यमी रहे हैं। मेहनत, लगन, निष्ठा एवं दूरदर्शिता के लिये वे जाने जाते हैं। राजस्थान में व्यवसाय एवं रोजगार के अवसर कम होने की वजह से इसकी तलाश में उन्हें राजस्थान छोड़ने को बाध्य होना पड़ा। उन्नीसवी शताब्दी के अंत में अंग्रेजों की उपस्थिति के कारण बंगाल में एवं खासकर कलकत्ता में इस प्रकार के अवसर अधिक संख्या में मौजूद थे। उसी समय दिल्ली से हावड़ा के मध्य रेल सेवा भी प्रारम्भ हुई थी। इसलिये मारवाड़ियों के लिये कलकत्ता शहर आकर्षण का केन्द्र बन गया। वे इस शहर में आकर बसने लगे। कलकत्ता के बड़ाबाजार क्षेत्र में उनका जमावड़ा होता गया। धीरे-धीरे बड़ाबाजार क्षेत्र मिनी राजस्थान में तब्दील होता रहा। एक कमरे में गद्दी बिछाकर, अपने सामने एक पेटी रखकर वे अपना कारोबार करने लगे। रात होने पर उसी गद्दी पर वे सो जाते। मारवाड़ियों की खासियत है कि वे किसी पर निर्भर नहीं रहते। भोजन में होने वाली असुविधा को दूर करने के लिए राजस्थान से ही रसोइये बुला लिये गए। इन्हें यहाँ महाराज कहा जाता। वे महाराज एक साथ सैकड़ों लोगों का भोजन बनाते। वहीं पर सब दोनों समय का भोजन प्राप्त करते। इस सुविधा को 'बासा' का नाम दिया गया। अपनी रुचि के अनुसार भोजन वहाँ पर बनता। लेकिन राजस्थान से जाने-आने में उस समय छह-सात दिन लग जाते थे। इसलिये महीनों-महीनों तक जाना नहीं होता। बीच-बीच में अपने परिवार की आर्थिक एवं अन्य व्यवस्था की पूर्ति के लिए जाना पड़ता। आते समय कुछ साथियों को भी अपने साथ ले आते एवं विभिन्न गद्दियों में काम में लगवा देते। बाद में व्यवसाय में उन्नति होने के कारण आय में बढ़ोत्तरी होती गई। धीरे-धीरे उनके परिवार के सदस्य भी राजस्थान से आकर कलकत्ता में रहने लगे। इस प्रकार बड़ाबाजार का आकार वृहतर होता गया।

धीरे-धीरे मारवाड़ियों ने सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाना प्रारम्भ किया। अंग्रेजों के शासन में भारतीयों के साथ कई प्रकार से भेदभाव किया जाता था। बंग-भंग आन्दोलन एवं स्वाधीनता आंदोलन के कारण यह भेदभाव और अधिक बढ़ गया। उसी समय मारवाड़ियों ने अनेकों सामाजिक संस्थाओं की स्थापना की। उनके प्रयास से अनेक धर्मशाला, गोशाला, विद्यालय, कॉलेज, अस्पताल बने। समाज व्यवसाय में कमाता एवं सामाजिक कार्यों में खर्च भी करता। चिकित्सा के क्षेत्र में समाज के लोगों की असुविधा को देखते हुए सामाजिक मनीषियों ने स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से श्री विशुद्धानंद सरस्वती मारवाड़ी अस्पताल के लिये ट्रस्ट बनाया। पहले बड़तल्ला स्ट्रीट एवं मुक्ताराम बाबु स्ट्रीट में डिस्पेंसरी चलाने के वाद अमहर्स्ट स्ट्रीट (वर्तमान में राजा राममोहन रॉय सरणी) में सात बीघा जमीन में अस्पताल खोला गया। उस अस्पताल के संस्थापक ट्रस्टी रामजी दास बाजोरिया, जुहारीमल खेमका, रामेश्वर लाल दुधुवेवाला, केशोराम पोद्दार थे। प्रत्येक मारवाड़ी के घर-घर जाकर चंदा इकट्ठा करके इस अस्पताल को पूर्ण आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया गया। इसके इमारत की संरचना राइटर्स बिल्डिंग एवं मेडिकल कॉलेज के आधार पर हुई। ट्रस्टियों ने तय किया इस अस्पताल में मारवाड़ियों की निशुल्क चिकित्सा की जायेगी। ट्रस्टीगण ने १० कट्ठा जमीन स्ट्रैण्ड रोड, १० कट्ठा डेकर्स लेन एवं ३२ कट्ठा जमीन बड़ाबाजार में लिया। इनके भाड़े की आमदनी से अस्पताल का खर्च चलाने का प्रावधान किया गया। इस अस्पताल में रोगियों के साथ उनके परिजनों के रहने की भी व्यवस्था की गई। अभी तक करोड़ों लोगों का इलाज इस अस्पताल में हो चुका है। वर्तमान में भी समाज के सहयोग से यह अस्पताल सभी लोगों की कम खर्च में सेवा में कार्यरत है।

इस प्रकार के संस्थाओं की उपस्थिति के परिप्रेक्ष्य में मैं सभी बंधुओं से अनुरोध करूँगा कि चिकित्सा के क्षेत्र में बढ़ते हुए खर्चे के मद्देनजर अपनी एवं अपने परिवार के सदस्यों एवं कर्मचारियों का मेडिकल इंश्योरेन्स अवश्य करवाये। सरकार द्वारा दी रही सुविधाओं का लाभ उठाते हुए हमें यह सुनिश्चित करना चाहिये कि समाज का कोई भी व्यक्ति मेडिकल इंश्योरेन्स की सुविधा से वंचित न रहे। मैं प्रांतीय अध्यक्षों से भी अनुरोध करूँगा कि इस विषय में अपनी अग्रणी भूमिका निभायें।

सभी समाजबंधुओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ।

जय समाज, जय राष्ट्र।

# MARWARI SAMMELAN FOUNDATION

## (A Trust of All India Marwari Federation)

# उच्च शिक्षा कोष

**समाज के बच्चों को शिक्षित कर परिवार को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल**

देश के विभिन्न भागों के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं को दो करोड़ पैंतीस लाख रुपयों का दिया जा चुका है अनुदान

वित्तीय वर्ष (२०१८-१९) में ५२ लाख रुपयों से अधिक का आवंटन



"Education is a fundamental human right and essential for excercise of all other human rights."



उदारहृदय समाजबंधुओं का मिल रहा है तहेदिल से साथ

आप भी बढ़ाएँ सहयोग का हाथ समाज के सर्वांगीण विकास में बनें भागीदार !

## छात्र/छात्राएँ निःशुल्क छात्रवृत्ति के लिये सम्पर्क करें

इंजीनियरिंग, टेक्निकल, चिकित्सा, मैनेजमेंट आदि क्षेत्रों में स्नातकोत्तर/उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति हेतु समाज के मेधावी एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित हैं।

पात्रता : (क) १७ और २५ वर्षों के बीच के उम्र के मेधावी छात्र-छात्राएँ जिनका शैक्षिक परीक्षाओं में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा हो और जिन्हें केवल अपनी योग्यता के बल पर किसी मान्यताप्राप्त शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश मिल रहा हो।

(ख) जिन आवेदकों के माता-पिता की वार्षिक आय तीन लाख रुपयों से कम होगी, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

प्रक्रिया : (क) पूर्व शैक्षिक प्रमाणपत्रों, प्रवेश के प्रमाण, माता-पिता के आय प्रमाणपत्र एवं पासपोर्ट साइज चित्रों के साथ, मारवाड़ी सम्मेलन की किसी शाखा/सम्बद्ध संस्था से अनुमोदित आवेदन प्रस्तुत करने हैं।

(ख) एक छात्र-छात्रा को वर्ष में अधिकतम दो लाख रुपयों की राशि अनुदानस्वरूप दी जा सकती है।

(ग) प्रतिवर्ष कुछ छात्रवृत्तियाँ छात्राओं के लिए सुरक्षित हैं।

आवेदन करें : ***चेयरमैन, उच्च शिक्षा उपसमिति, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन***

४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपियर सरणी, कोलकाता-१७, फोन : (०३३) ४००४४०८९, ईमेल : aimf1935@gmail.com

*With Best Compliments From:*




# ROAD CARGO MOVERS PVT. LTD.

Head Office : 3, Gibson Lane, 2nd Floor
Suite-211, Kolkata-700 069

Phone : 2210-3480, 2210-3485

Fax : 2231-9221

E-mail: roadcargo@vsnl.net

***Branches & Associates:***

**GUWAHATI, SILIGURI, DURGAPUR, HALDIA, KHARAGPUR,**

**BALASORE, BHUBNESWAR, CUTTUCK, ICCAPURAM, VISHAKAPATNAM,**

**VIJAYWADA, HYDERABAD, CHENNAI, BANGALORE, COCHIN, GAZIABAD (U.P. BORDER), INDORE**


ISO 9001 Certified
ORR TECHNOLOGY
SKIPPER
PIPES
"FIXED FOR LIFE"
COMPLETE RANGE OF PIPES & FITTINGS
CPVC | UPVC | SWR | UGD | HDPE | BOREWELL | AGRICULTURE
www.skipperlimited.com | Toll Free : 1800 120 6842

केरल में सम्मेलन की प्रादेशिक शाखा की स्थापना

# सामाजिक समस्याओं के निराकरण में सम्मेलन की महती भूमिका : संतोष सराफ

## • श्याम सुन्दर अग्रवाल बने केरल सम्मेलन के संस्थापक अध्यक्ष

**"अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन १९३५ में अपनी स्थापना के बाद से ही लगातार सामाजिक समस्याओं के निदान हेतु प्रयासरत है और पर्दाप्रथा, बाल-विवाह, आडम्बर जैसी कुरीतियों पर नियंत्रण में तथा विधवा-विवाह, नारीशिक्षा आदि के समर्थन में उल्लेखनीय सफलताएँ प्राप्त की हैं। समयान्तर में समस्यायें बदली हैं, किन्तु आज भी समाज के समक्ष समस्याओं का सामना करने में सम्मेलन की बहुत बड़ी भूमिका है क्योंकि सम्मेलन पूरे भारत में मारवाड़ी समाज के हर तबके को संगठित कर, साथ लेकर कार्य कर रहा है और राष्ट्रीय स्तर पर मारवाड़ी समाज की एकमात्र प्रतिनिधि संस्था है।"** ये विचार सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने गत १४ फरवरी २०२० को कोचीन स्थित होटल ओलाईव डाउनटाउन के सभागार में केरल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के गठन हेतु आयोजित सभा में व्यक्त किए।

अपने सम्बोधन में श्री सराफ ने सम्मेलन की पृष्ठभूमि, इतिहास, उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण दिया। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के वर्तमान सत्र (२०१८-२०२०) में दक्षिण भारत में सम्मेलन के संगठन-विस्तार हेतु सक्रिय प्रयास किए गए जिनका अच्छा परिणाम निकला है और केरल में प्रादेशिक सम्मेलन की स्थापना के साथ ही **अब दक्षिण भारत के प्रत्येक राज्य में सम्मेलन की सक्रिय प्रादेशिक शाखा है।**



सभा के प्रारम्भ में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया**, दक्षिण भारत में सम्मेलन के संगठन-विस्तार प्रभारी **श्री बसन्त मित्तल** एवं केरल सम्मेलन के पदाधिकारियों–सदस्यों के साथ दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। श्री सराफ ने केरल सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष **श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल** को अध्यक्ष पद की एवं श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने **श्री दीपक लाखोटिया** को महामंत्री पद की शपथ दिलाई।

### केरल सम्मेलन के अध्यक्ष का चुनाव

**१२ एवं १३ फरवरी २०२० को क्रमशः कालीकट एवं एर्नाकुलम, केरल में सम्मेलन के प्रादेशिक शाखा के गठन एवं प्रादेशिक अध्यक्ष के चुनाव के विषय पर सम्मेलन के सदस्यों की बैठकें हुई। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सम्मेलन के वरिष्ठ संरक्षक सदस्य श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल (कोचीन) को सर्वसम्मति से केरल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का संस्थापक अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इन दोनों बैठकों में केन्द्रीय सम्मेलन के प्रतिनिधि के रूप में दक्षिण भारत में सम्मेलन के संगठन-विस्तार प्रभारी श्री बसन्त मित्तल उपस्थित थे।**

### संक्षिप्त जीवन परिचय : श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल

**कोचीन निवासी श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल स्व. चम्पालाल बायावाला के सुपुत्र हैं। आपका जन्म २६ फरवरी १९५२ को हुआ था। आपने अर्थशास्त्र में स्नातक तक की शिक्षा ग्रहण की है। प्रीमियम फेरो अलायज लिमिटेड के नाम से इनका अपना प्रतिष्ठान है जिसके ये प्रबंध निदेशक हैं। आप श्रीमती दुर्गा बायावाला के साथ २४ फरवरी १९७६ में दाम्पत्य-बंधन में बँधे। एक लम्बे समय से श्री अग्रवाल समाजसेवा से जुड़े हैं और सामाजिक गतिविधियों में सक्रियतापूर्वक भाग लेते रहे हैं। श्री अग्रवाल गत १२ वर्षों से फ्रेन्ड्स ऑफ ट्राइबल्स सोसायटी (केरल) के अध्यक्ष हैं। आप ऑल इण्डिया इंडक्शन फर्नेसेस असोशिएशन (नई दिल्ली) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। आप केरल अग्रवाल समाज, नार्थ इण्डियन असोशिएशन (एर्नाकुलम), नार्थ इण्डियन चैरिटेबल ट्रस्ट (एर्नाकुलम), जन कल्याण सोसायटी (एर्नाकुलम) और केरल स्टील मैनुफैक्चरर्स असोशिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं। आप इण्डियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एवं सी.आई.आई. एस. एण्ड एम के कमिटी सदस्य भी हैं।**

सभा को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने अपनी सभ्यता-संस्कृति, संस्कारों और अपनी मातृभाषा के संवर्धन की आवश्कता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें यह देखकर बहुत प्रसन्नता हुई है कि यहाँ सब लोग अपने परिवार में एवं आपसी बातचीत में मारवाड़ी भाषा का प्रयोग करते हैं। दक्षिण भारत में सम्मेलन के संगठन-विस्तार प्रभारी श्री बसन्त मित्तल ने सभा में अच्छी उपस्थिति के लिए समाजबंधुओं का आभार ज्ञापित किया और आशा व्यक्त की कि केरल के सभी प्रमुख शहरों में सम्मेलन के माध्यम से समाज के व्यापक हित में हर सम्भव प्रयास किए जायेंगे।

*शेष पृष्ठ ३१ पर...*

# सम्बलपुर में छात्रावास के लिए भूमिपूजन




"**वर्तमान परिस्थितियों में शिक्षा एक मौलिक एवं जीवनरक्षक आवश्यकता है। हर सामाजिक संस्था का यथासम्भव प्रयास शिक्षा का प्रकाश समाज के अधिकाधिक छात्र-छात्राओं तक पहुँचाने के विषय में होना चाहिए।**" ये उद्‌गार अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने गत १५ जनवरी २०२० को उत्कल सम्मेलन द्वारा सम्बलपुर में छात्रावास हेतु चिह्नित स्थान पर भूमि-पूजन के बाद दुर्गा मंगलम, खेतराजपुर में सम्मेलन की संबलपुर शाखा द्वारा आयोजित एक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को सहयोग के क्षेत्र में प्रस्तावित छात्रावास को एक मील का पत्थर बताते हुए श्री सराफ ने इस कदम को उत्कल सम्मेलन के लिए गौरव का विषय बताया।

श्री सराफ ने शिक्षा के महत्व पर जोर डालते हुए कहा कि इस विषय में कुछ बोलना सूरज को दीपक दिखाने के समान होगा। उन्होंने कहा कि हमारे दूरदर्शी अग्रजों ने शिक्षा के महत्व को समझा और इस दिशा में, विशेषकर नारी शिक्षा के क्षेत्र में युगांतरकारी कदम उठाये। इसी क्रम में, सम्मेलन संसाधनहीन छात्र-छात्राओं की सहायता के लिए यथासम्भव प्रयत्नशील है। स्नातक स्तर तक की शिक्षा में प्रादेशिक सम्मेलन सहयोग देते हैं और उच्च शिक्षा तथा प्रोफेशनल कोर्सों में सहयोग हेतु केन्द्रीय स्तर पर सम्मेलन ने एक उच्च शिक्षा कोष की स्थापना की है। **इस कोष से अब तक राष्ट्र के विभिन्न भागों के छात्र-छात्राओं को लगभग ढाई करोड़ रुपयों की राशि आवंटित की जा चुकी है।**

इससे पहले, समाज के संसाधनहीन मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग हेतु संबलपुर-झारसुगुड़ा मार्ग पर एम्स कॉलेज ऑफ साइंस, परधियापाली, अइँठापाली, संबलपुर में प्रस्तावित छात्रावास के लिए चिह्नित स्थान पर भूमि पूजन किया गया। **राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने** प्रादेशिक अध्यक्ष **श्री अशोक जालान** तथा मारवाड़ी शिक्षा विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष **श्री नकुल अग्रवाल** की उपस्थिति में **छात्रावास की भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ किया।** छात्रावास के लिए भूमि '**अशोक जालान फाउन्डेशन**' के सौजन्य से उपलब्ध कराई गई है।




बैठक में श्री सराफ का अभिनंदन उत्कल सम्मेलन के अध्यक्ष श्री अशोक जालान, मारवाड़ी महिला समिति, युवा मंच एवं नवचेतना की विभिन्न शाखाओं द्वारा किया गया। श्री राजू पोद्दार ने श्री सराफ का परिचय-पाठ एवं महिला समिति की

*शेष पृष्ठ २४ पर...*

## सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक

# कुरीतियों के प्रति समाज हो रहा जागरूक : संतोष सराफ



**"वैवाहिक कार्यक्रमों में मद्यपान, प्री-वेडिंग शूटिंग, फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों के खिलाफ समाज में जागरूकता बढ़ रही है और साथ ही ई-कार्ड का प्रचलन भी बढ़ रहा है। जैसा हम जानते हैं सामाजिक परिवर्तन एक सतत प्रक्रिया है और इसके लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। आज की जरूरत है कि संसाधनहीन समाजबंधुओं को स्वास्थ्य-सेवा मुहैया करवाया जाये एवं लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जाये।"** ये उद्‌गार हैं अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** के जो उन्होंने गत २३ फरवरी २०२० को सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में व्यक्त किये। बैठक का आयोजन शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता स्थित सम्मेलन मुख्यालय सभागार में किया गया।

संगठन-विस्तार के विषय में बोलते हुए श्री सराफ ने कहा कि केरल में प्रादेशिक शाखा के गठन के साथ ही सम्मेलन अब दक्षिण भारत के सभी प्रांतों में सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। **सम्पूर्ण दक्षिण भारत मे उल्लेखनीय संगठन-विस्तार के लिए उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया तथा श्री पवन गोयनका एवं दक्षिण भारत के संगठन-प्रभारी श्री बसंत मित्तल का आभार ज्ञापित किया।**

सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री सीताराम शर्मा** ने कहा कि समाज-सुधार सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है लेकिन समाज सुधार के कार्यक्रमों की सफलता के लिए सामाजिक संगठन अनिवार्य है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सत्र में सम्मेलन ने हर क्षेत्र में अव्वल कार्य किया है। संगठन-विस्तार की प्रगति भी उत्साहवर्धक है।

राष्ट्रीय महामंत्री **श्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला** ने कार्यकारिणी समिति की पिछली बैठक (१५ दिसम्बर २०१९) का कार्यवृत प्रस्तुत किया, जो पारित हुआ। उन्होंने पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन के क्रियाकलापों पर '**महामंत्री की रपट**' एवं वर्तमान सत्र में इस समिति द्वारा लिए गये निर्णयों पर '**कार्यवाही की रपट**' भी प्रस्तुत की।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष **श्री कैलाशपति तोदी** ने सम्मेलन की वेबसाईट के आधुनिकीकरण की प्रगति का विवरण दिया एवं कहा कि शीघ्र ही इसके पूर्ण होने की उम्मीद है। उन्होंने सम्मेलन की आर्थिक स्थिति पर भी संक्षिप्त रपट प्रस्तुत की।

राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री संजय हरलालका** ने प्रस्ताव रखा कि सम्मेलन के आगामी अधिवेशन के स्थान एवं समय के विषय में निर्णय का अधिकार राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया जाये, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में उपस्थित झारखंड सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष **श्री ओम प्रकाश अग्रवाल** को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री अग्रवाल ने कहा कि सम्मेलन के संगठन-विस्तार, समाज-सुधार एवं अन्य सेवाकार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता होगी। पश्चिम बंग सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री नंद किशोर अग्रवाल** और दक्षिण भारत के संगठन-प्रभारी **श्री बसंत मित्तल** ने भी अपने संक्षिप्त विचार रखे।



धन्यवाद-ज्ञापन करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** ने कहा कि पूरे भारत के समाजबंधुओं और सामाजिक संगठनों में सम्मेलन के प्रति उत्साह है और सम्मेलन के संगठन-विस्तार की अपार संभावनायें हैं। बैठक में सर्वश्री दामोदर प्रसाद बिदावतका, डॉ. जुगल किशोर सर्राफ, आत्माराम सोंथलिया, रतनलाल शाह, अरुण सुरेका, शिव कुमार लोहिया, आनंद अग्रवाल, नंदलाल सिंघानिया, प्रेमचन्द सुरेलिया, जुगल किशोर जाजोदिया, श्यामलाल डोकानिया, गोविन्द प्रसाद केजरीवाल सहित गणमान्य समाजबंधु उपस्थित थे।

**सम्मेलन की राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक**

# संसाधनहीन समाजबंधुओं को स्वास्थ्य-सेवा मुहैया कराना जरूरी : सन्तोष सराफ




अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक गत २२ फरवरी २०२० को शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता स्थित सम्मेलन मुख्यालय सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** के सभापतित्व में हुई।

अपने सम्बोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने अपने हाल के केरल दौरे के बारे में बताते हुए कहा कि केरल में सम्मेलन की प्रादेशिक शाखा की स्थापना के साथ ही दक्षिण भारत के हर प्रांत में सम्मेलन अब सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। समाज सुधार के साथ-साथ स्वास्थ्य-सेवा पर बल देते हुए श्री सराफ ने कहा कि समय की माँग है कि समाज के संसाधनहीन तबकों को स्वास्थ्यसेवाएँ मुहैया कराने के लिए पहल की जाये। उन्हें सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं (आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन-ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना) के बारे में जानकारी दी जाए एवं इनसे जोड़ा जाए ताकि इन योजनाओं का समुचित लाभ उन तक और उनके परिवार तक पहुँच सके।

राष्ट्रीय महामंत्री **श्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला** ने स्थायी समिति की पिछली बैठक (२ नवम्बर, २०१९) का कार्यवृत और पिछली बैठक के बाद के क्रियाकलापों पर 'महामंत्री की रपट' प्रस्तुत की। भावी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए श्री झुनझुनवाला ने बताया कि **१ मार्च २०२०** को, शेक्सपीयर सरणी स्थित कला मंदिर सभागार में सम्मेलन के होली प्रीति मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा।

धन्यवाद-ज्ञापन करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री विवेक गुप्त** ने समाज के युवक-युवतियों को सम्मेलन से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि युवा ऊर्जा जुड़ने से सम्मेलन के कार्यक्रमों को गति मिलेगी और समाज सुधार में भी इनसे सकारात्मक योगदान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के समाज-सुधार एवं अन्य कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया, खास तौर पर व्हाट्सअप, के द्वारा किया जाये। आज के दौर में सोशल मीडिया प्रचार-प्रसार का सबसे अच्छा माध्यम बन सकता है और हमें इसके उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए।

बैठक में सम्मेलन के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री दामोदर बिदावतका, सर्वश्री शिव कुमार लोहिया, संजय शर्मा, राजेश अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, नंदलाल सिंघानिया, अरुण मल्लावत, प्रमोद गोयनका, राधा किशन सफ्फड़, विनय सराफ, कृष्ण कुमार अग्रवाल, बसंत कुमार मित्तल** आदि उपस्थित थे।



# राष्ट्र सर्वोपरि; इसकी एकता और अखंडता हमारा नैतिक दायित्व : संतोष सराफ



**"गणतंत्र दिवस एक राष्ट्रीय उत्सव है। हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा गणतंत्र है। बाबा साहब अम्बेडकर के नेतृत्व में लिखा गया हमारा संविधान सत्तर साल बाद, आज भी देश को एक सूत्र में बाँधता है। इससे हम उनकी दूरदर्शिता का अंदाजा लगा सकते हैं। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का ध्येयवाक्य है – 'म्हारो लक्ष्य, राष्ट्र री प्रगति'। हम सबके लिए देश पहले है। जब भी देश की बात आती है, हम आपसी भेदभाव भुलाकर, धर्म-जाति, ऊँच-नीच से ऊपर उठकर एकजुट हो जाते हैं – ये हमारे संविधान की ताकत है।"** ये उद्‌गार हैं अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** के जो उन्होंने गत २६ जनवरी २०२० को सम्मेलन के गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मेलन मुख्यालय सभागार में आयोजित बैठक में व्यक्त किए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री सराफ ने सर्वप्रथम सबको गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ ज्ञापित की। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन एवं भारतीय संविधान के उद्देश्य बहुत मायनों में एक समान हैं। समाज के आम जन को साथ लेकर उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य आदि मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति करते हुए हमें एक स्वस्थ एवं शिक्षित भारत का निर्माण करना है जिससे आने वाले समय में हमारा गणतंत्र और मजबूत हो।

सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने, सम्मेलन के पदाधिकारियों-सदस्यों के साथ सम्मेलन मुख्यालय भवन (डकबैक हाउस, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता) के समक्ष राष्ट्रीय ध्वजोत्तोलन किया, राष्ट्रीय गान हुआ और उसके बाद सम्मेलन सभागार में बैठक आयोजित की गई।

सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजचिंतक **श्री सीताराम शर्मा** ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि सम्मेलन का जन्म ही राजनैतिक कारणों से हुआ। ब्रिटिश सरकार द्वारा पारित इण्डिया एक्ट के खिलाफ हमारे पूर्वजगण एकजुट हुए एवं संगठित होकर अपनी नागरिकता का हक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि ये हमारा संविधान ही है जिसने देशवासियों की एकता और अखंडता को बनाये रखा है, इसलिए इसका सम्मान जरूरी है। चाहे कोई भी निर्णय हो, सरकार के लिए जरूरी है कि वो लोगों को भरोसे में ले। अभिव्यक्ति की आजादी हर किसी को है, परंतु आपसी संवाद एवं बातचीत वो जरिया है जिससे हम मिल-बैठ कर किसी भी समस्या का समाधान निकाल सकते हैं। साथ ही, एक नागरिक के तौर पर, हमें भी अपनी यथोचित भूमिका निभाने की जरूरत है।



सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री नंदलाल रुँगटा** ने अपने सम्बोधन में मारवाड़ियों की विशिष्टता बताते हुए कहा कि हमने हमेशा समाज को देना सीखा है, लेना नहीं। हर मारवाड़ी, अपनी क्षमतानुसार, समाज सेवा का भाव रखता है। उन्होंने कहा कि आज हर कोई अपने अधिकार की बात करता है, कर्तव्य की बात नहीं करता। हमें क्या मिलना चाहिए, ये सब जानते हैं पर बदले में हमारा क्या कर्तव्य है, ये जानना भी जरूरी है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों को सम्मेलन से जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें संगठित होकर समाज को सुदृढ़ करना है। श्री रुँगटा ने स्वास्थ्य की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि हमें अपनी शाखाओं और प्रादेशिक सम्मेलनों के जरिए लोगों को जागरूक करना चाहिए। सरकार ने स्वास्थ्य से संबंधित कई योजनाएँ चलाई हैं जो आमलोगों के लिए, खासतौर पर संसाधनहीन लोगों के लिए फायदेमंद है। हमें लोगों तक ये बात पहुँचानी चाहिए एवं उन्हें सजग–शिक्षित करना चाहिए। साथ ही, श्री रुँगटा ने वर्तमान अध्यक्ष संतोष सराफ को ई–कार्ड को बढ़ावा देने के लिए बधाई दिया और कहा कि इससे फिजूलखर्ची के खिलाफ लोगों तक एक सकारात्मक संदेश जायेगा।

सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री **श्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला** ने व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर देशहित में सोचने एवं देश के लिए अपना श्रेष्ठ प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लोग आयेंगे, लोग जायेंगे, पर देश हमेशा रहेगा। हमें देश की एकता एवं अखंडता को हमेशा बनाये रखना है।

सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री **श्री शिव कुमार लोहिया** ने स्वयं के निर्माण के माध्यम से समाज के निर्माण की बात कही। उन्होंने त्याग के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हम भारतवासी सदियों से अपने त्याग के लिए जाने जाते हैं। हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने व्यक्तिगत हित की चिंता न कर स्वयं को राष्ट्र पर बलिदान कर दिया। आज हम स्वतंत्र राष्ट्र में रहते हैं, तो हमारा भी राष्ट्र के प्रति कुछ दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि हम इतने साल गुलाम रहे फिर भी अपनी सभ्यता, अपने संस्कार नहीं भूले। आज जरूरत है कि हम पहले खुद में बदलाव करते हुए समाज को नयी दिशा एवं नयी मजबूती प्रदान करें। घृणा को घृणा से नहीं, प्यार से जीतें।

सम्मेलन के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री संजय हरलालका** ने कहा कि आज पंचायत से लेकर संसद तक, हर जगह संख्याबल के आधार पर ही कोई फैसला होता है या कोई नया कानून बनता है। सरकार भी संख्याबल पर ही बनती है। इसलिए जरूरी है कि आप अपना विचार जरूर रखें, अपना मत जरूर दें, चाहे आप पक्ष में हों या विपक्ष में। अपना मत न रखने की वजह से, कई बार संख्याबल होते हुए भी फैसला दूसरी तरफ जा सकता है।

सम्मेलन के राजनीतिक चेतना उपसमिति के चेयरमैन **श्री नंदलाल सिंघानिया** ने कहा कि आजादी के बाद के सालों में बहुत कुछ हुआ है, तथापि अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। साथ ही, उन्होंने एकजुट रहकर देश के लिए अपना योगदान देने की बात कही।

सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री **श्री गोपाल अग्रवाल**, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री **श्री भानीराम सुरेका**, पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री नंदकिशोर अग्रवाल**, सम्मेलन की वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन **श्री आत्माराम सोंथलिया, श्री प्रमोद गोयनका** एवं **श्री रतनलाल अग्रवाल** ने भी अपने संक्षिप्त विचार रखे।

अंत में, सम्मेलन के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री दामोदर प्रसाद बिदावतका** ने धन्यवाद-ज्ञापन किया। बैठक में **सर्वश्री राधेश्याम बंसल, संजय शर्मा, विश्वनाथ खरकिया, श्यामलाल डोकानिया, रामनिवास शर्मा 'चोटिया', किशन किला, निर्मल सर्राफ, अरुण मल्लावत, राजेश ककरानिया** आदि उपस्थित थे।

---

**प्रांतीय समाचार - दिल्ली**

## सम्मेलन की गणगौर शाखा का गठन

# रमेश बजाज बने संस्थापक अध्यक्ष

गत १५ दिसम्बर २०१९ को दिल्ली के पीतमपुरा स्थित राजस्थली अपार्टमेंट में एक बैठक आयोजित कर दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की गणगौर शाखा का गठन किया गया। कार्यक्रम में **श्री रमेश बजाज** को शाखा का अध्यक्ष, **श्री राजीव केडिया** को महामंत्री एवं **श्री ओम प्रकाश अग्रवाल** को कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष **श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया** तथा प्रांतीय उपाध्यक्ष **श्री बसंत कुमार पोद्दार** मौजूद थे। कार्यक्रम में सर्वश्री सुरेश पोद्दार, चंद्रप्रकाश गर्ग, पवन डालमिया, अनिश गुप्ता, नरेन्द्र डागा, अंकुर टिबड़ेवाल, ज्ञानचंद सिंघला, मुकेश खण्डेलवाल, पवन पोद्दार, मनोज पंसारी, संदीप मारोदिया सहित समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



अध्यक्ष
रमेश बजाज



महामंत्री
संजीव केडिया



कोषाध्यक्ष
ओम प्रकाश अग्रवाल

<u>उत्तराखंड पुनर्निर्माण में सम्मेलन का मदद का हाथ</u>

# गोपेश्वर में मारवाड़ी सम्मेलन सरस्वती शिशु मंदिर का लोकार्पण



गत १५ जनवरी २०२० को, मकर संक्रान्ति के शुभ दिन, उत्तराखंड के चमोली जिले स्थित गोपेश्वर में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के अनुदान से पुनर्निर्मित '**मारवाड़ी सम्मेलन सरस्वती शिशु मंदिर**' विद्यालय का लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में सम्मेलन का प्रतिनिधित्व उत्तराखंड सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष **श्री रंजीत जालान**, वर्तमान प्रादेशिक अध्यक्ष **श्री संतोष खेतान**, महामंत्री **श्री संजय जाजोदिया**, निवर्तमान महामंत्री **श्री रंजीत टिबड़ेवाल** एवं वरिष्ठ सदस्य **श्री बृज मोहन चौधरी** ने किया। सांसद **श्री तीरथ सिंह रावत**, विद्या भारती के **सर्वश्री सत्य प्रकाश वांगवाल**, **अनुसूया प्रसाद भट्ट**, **प्रेम देवरंगी**, **डॉ. दिनेश सती**, विद्यालय के प्राचार्य **श्री सुरेन्द्र सिंह रावत**, शिक्षकगण एवं कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि जून २०१३ में उत्तराखंड में आए विनाशकारी तूफान के बाद सम्मेलन की ओर से तात्कालिक सहायता हेतु सामग्री भेजी गयी। तत्पश्चात् उत्तराखंड के पुनर्निर्माण में सहयोग देने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष **डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया** तथा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षगण **श्री सीताराम शर्मा** एवं **श्री नंदलाल रुँगटा** के सक्रिय प्रयासों से एक कोष की स्थापना की गई। बाद में सम्मेलन द्वारा निर्णय लिया गया कि उक्त विद्यालय के भवन निर्माण हेतु एकत्रित राशि दान दे दी जाय। इसके अनुपालन में, गत २२ अक्तूवर २०१८ को सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री **श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत** को ५५ लाख रुपये का चेक सौंपा जिससे विद्यालय-भवन का पुनर्निर्माण हुआ।

लोकार्पण समारोह में स्थानीय वक्ताओं ने इस सत्कृत्य हेतु अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का आभार व्यक्त किया।






*With Best compliments From*

# M/s. A. P. Credit Pvt. Ltd.

**3/1, Dr. U. N. Brahmachari Street**

**Kolkata-700017**

**Ph: 033-22871221/1224**



Diva®
from LA OPALA®

CLASSIQUE COLLECTION | Ivory collection | QUADRA COLLECTION | SOVRANA COLLECTION | COSMO collection

**Registered Office**
Chitrakoot, 10th Floor, 230 A, A J C Bose Road, Kolkata-700020
Ph: 76040 88814/15/16/17 | Email: info@laopala.in | www.laopala.in

*With Best compliments From*

# Anzen Exports
# &
# Shubham Pharmachem Pvt. Ltd.

**DEALER IMPORTER EXPORTER INDENTING AGENT FOR ALL KINDS OF ACTIVE PHARMACEUTICAL INGREDIENTS, PHYTOCHEMICALS, HERBAL EXTRACTS & ESSENTIAL OILS**

**KOLKATA**

## Anzen Exports

**Regd. Office : 55/3D, Ballygunge Circular Road**
**Ground Floor, Kolkata-700 019, India**

**Admn. & Corres. Office :**
**157, Sarat Bose Road, 2nd Floor**
**Kolkata-700 026, India**
**20C, Hazra Road, 1st Floor, Kolkata-700 026, India**
**Tel : 91-33-2454 9650/51, 91-33-2454 8159**
**E-mail: info@anzen.co.in  Web: www.anzen.co.in**

**MUMBAI**

## Shubham Pharmachem Pvt. Ltd.

**205-206, Laxmi Plaza, Laxmi Industrial Estate**
**New Link Road, Andheri (W)**
**Mumbai - 400 053, India**
**P : +91 (22) 2635 4800 / 2635 4900**
**F: +91 (22) 6692 3929 / 2631 8808**
**Email: shubham@shubham.co.in**

## उत्कल सम्मेलन : राज्य परिषद की बैठक

# गोविंद अग्रवाल होंगे उत्कल सम्मेलन के नये अध्यक्ष

गत २६ जनवरी, २०२० को उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की राज्य परिषद की बैठक अताबिरा शाखा (जिला बरगढ़) के आतिथ्य में आयोजित की गई। दीप प्रज्वलन एवं गणेश वन्दना के साथ बैठक का शुभारंभ हुआ। शाखाध्यक्ष श्री विजय कुमार मित्तल ने अतिथियों का स्वागत किया।

प्रादेशिक महासचिव श्री विजय केडिया ने सभा के सामने पिछले २ वर्षों में सम्मेलन के द्वारा किये गये सामाजिक, सांगठनिक एवं सेवा के कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

मारवाड़ी शिक्षा विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री नकुल अग्रवाल ने ट्रस्ट की जानकारी सदन के पटल पर रखी। उन्होंने कहा कि समाज का कोई भी विद्यार्थी धन के अभाव में शिक्षा से वंचित न रह जाये, यही मारवाड़ी शिक्षा विकास ट्रस्ट का मूल उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही मारवाड़ी छात्रावास भी इस उद्देश्य की पूर्ति में सहायक हो सकेगा।

प्रादेशिक अध्यक्ष श्री अशोक जालान ने वर्तमान सत्र में हुए काम पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बिना मजबूत संगठन के समाज-सुधार का कोई भी कार्यक्रम संभव नहीं है। इसलिए पूरे सत्र में, संगठन पर विशेष ध्यान दिया गया। शाखाओं का विस्तार तो हुआ ही, साथ ही साथ आजीवन सदस्य एवं विशिष्ट संरक्षक सदस्य संख्या में भी वृद्धि हुई है। सेवा के कार्यों में कंबल वितरण, सोहेला में पानी प्लांट, बलांगीर में सेवा सदन, अनेक स्थानों पर एम्बुलेंस एवं शव वाहिनी, तूफान पीड़ितों के लिए सहायता, अंगुल शाखा द्वारा पिछले दो वर्षों में ५१ जोड़ों का सामूहिक विवाह आदि का श्री जालान ने उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि झलक पत्रिका के नियमित प्रकाशन में भी समाज का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

शिक्षा कोष में आर्थिक सहयोग के उनके आह्वान पर राउरकेला के श्री किशन अग्रवाल, श्री गोवर्धन अग्रवाल (पाईकमाल) एवं श्री केशव डालमिया (सम्बलपुर) ने सहयोग राशि की घोषणा की। कोषाध्यक्ष श्री सजन कुमार भूत ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

अगले अधिवेशन के लिए संबलपुर में १५ मार्च २०२० के तारीख की घोषणा भी की गई। तत्पश्चात् विशिष्ट संरक्षक सदस्यों के लिए राष्ट्रीय कार्यालय से प्राप्त प्रमाण-पत्र देकर उनका सम्मान किया गया।

खुलामंच के अन्तर्गत सम्बलपुर के श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल ने घोषणा की कि मारवाड़ी छात्रावास के लिए वे एक और उपयुक्त जमीन देंगे। रूपरा रोड के श्री सुभाष अग्रवाल ने सूचना दी कि पिछले दिनों कालाहांडी जिला में मारवाड़ी पंचायत का गठन हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही उमरकोट एवं सिमिलीगुड़ा में सम्मेलन की शाखा खुलेगी।

निवर्तमान अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर अग्रवाल ने इस सत्र में हुए अच्छे कार्यों की प्रशंसा की एवं आशा व्यक्त की कि नये अध्यक्ष को भी इसी प्रकार का पूरा सहयोग मिलता रहेगा।

अंत में, मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नकुल अग्रवाल ने निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ५५ शाखाओं ने श्री गोविंद अग्रवाल के नाम का अनुमोदन किया है एवं इनके विरोध में एक भी नाम नहीं आया। इसलिए सत्र २०२०-२२ के अध्यक्ष पद के लिए श्री गोविंद अग्रवाल का नाम निर्विरोध घोषित किया गया।

### संक्षिप्त परिचय : श्री गोविन्द अग्रवाल

श्री गोविंद अग्रवाल का जन्म ३० जनवरी १९५० को ब्रजराजनगर के एक संपन्न व्यापारिक परिवार में हुआ। इनके पिता का नाम स्व. सूरजमल अग्रवाल है। कुशल व्यापारी के साथ-साथ ये राज्य के जाने-माने समाजसेवी भी हैं।

आप १९७४ से १९९७ तक रोटरी इंटरनेशनल के सक्रिय सदस्य रहे हैं। १९९८ से आप लायंस क्लब के सदस्य रहकर विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। आपको भारत की शीर्ष आद्योगिक संस्था सी.आई.आई. के पश्चिम ओडिशा व्यापारी जगत से एकमात्र सदस्य होने का गौरव प्राप्त है। आप उत्कल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, भुवनेश्वर के भी सदस्य हैं। आपको २०१९ में बलांगीर सेवा सदन में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु ओडिशा के गवर्नर महामहिम श्री गणेशीलाल द्वारा सम्मानित किया गया।

श्री गोविन्द अग्रवाल लम्बे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान करते आ रहे हैं। आप उत्कल प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच को लगभग १० वर्षों तक प्रांतीय सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। आपने एम्बुलेंस तथा कई आर.ओ. युक्त अमृतधारा ओडिशा के विभिन्न शाखाओं को दिया है। वर्तमान में आप अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के विशिष्ट संरक्षक सदस्य हैं तथा उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित शिक्षा विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी भी हैं।

धर्मपत्नी श्रीमती शारदा देवी अग्रवाल, एक पुत्री एवं तीन पुत्रों के भरे-पूरे परिवार के साथ आप ब्रजराजनगर में निवास करते हैं।

# होली में उपाधियों का

| नाम सर्वश्री/श्रीमती | उपाधि |
|---|---|
| सीताराम शर्मा | बहुआयामी |
| डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया | आध्यात्म दर्शन |
| प्रह्लाद राय अगरवाला | आराम का मामला |
| विवेक गुप्त | चलो दिल्ली |
| राज कुमार पुरोहित | नेक इरादे |
| अनिल कुमार जाजोदिया | समय का अभाव |
| श्रीगोपाल झुनझुनवाला | धर्मानुरागी |
| दामोदर प्रसाद बिदावतका | मिलनसार |
| कैलाशपति तोदी | खजांची |
| भानीराम सुरेका | लाइम लाईट |
| चाँदमल अग्रवाल | आन्ध्र की कमान |
| रमेश कुमार बंग | को-ऑपरेटिव |
| बिनोद तोदी | सिपहसालार |
| निर्मल काबरा | मैंने निभा दिया |
| सुरेश सोंथलिया | अड़चने बहुत है |
| बीरेन्द्र प्रकाश धोका | बात-बात में |
| राजकुमार तिवाड़ी | उदीयमान |
| शिव कुमार अग्रवाल | स्टॉप गैप |
| बसंत पोद्दार | दिल्ली सल्तनत |
| गोविंद अग्रवाल | जगन्नाथ की कृपा |
| संतोष खेतान | पर्वतों की गोद में |
| गोकुल चंद बजाज | बढ़ते कदम |
| पुरुषोत्तम सिंघानिया | लगा हुआ हूँ |
| उमाशंकर अग्रवाल | मैं क्या करूँ |
| अशोक मूँधड़ा | बहुत कुछ करना है |
| सुभाष अग्रवाल | नई सोच |
| श्याम सुंदर अग्रवाल | केरल की बागडोर |
| उषा किरण टिबड़ेवाल | आधी आबादी की चिंता |
| अमित अगरवाला | युवा सम्राट |

| नाम सर्वश्री/श्रीमती | उपाधि |
|---|---|
| नंदलाल रुँगटा | मैं हूँ ना |
| रामअवतार पोद्दार | अनुभवी |
| संतोष सराफ | झंडा ऊँचा रहे हमारा |
| गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया | वादा निभाया |
| विजय कुमार किशोरपुरिया | ऑल इज वेल |
| पवन कुमार गोयनका | दिल्ली का झंडा |
| संजय हरलालका | सेवा का संसार |
| गोपाल अग्रवाल | पी.डी.जी. |
| रतनलाल शाह | मातृभाषा |
| नरेश चन्द्र विजयवर्गीय | धीर-गम्भीर |
| विजय कुमार अग्रवाल | दक्षिण-द्वार |
| रामपाल अट्टल | स्थितप्रज्ञ |
| महेश जालान | युवा जोश |
| ओम प्रकाश अग्रवाल | नई आशा |
| रमेशचंद्र बंग | कागज की नाव |
| मधुसूदन सीकरिया | पूर्वोत्तर की डोर |
| नंदकिशोर अग्रवाल | नया उत्साह |
| लक्ष्मीपत भूतोड़िया | ऊँचे ईरादे |
| अशोक कुमार जालान | बुलंद फाउंडेशन |
| बिजय कुमार केडिया | हँसमुख |
| संजय जाजोदिया | गंगा की धारा |
| राहुल अग्रवाल | युवाशक्ति |
| अमर बंसल | जोशो-खरोश |
| ललित मोहन अग्रवाल | विश्वनाथ की कृपा |
| अशोक केडिया | आगे बढ़ना है |
| रमाकांत सराफ | नई डगर |
| दीपक लाखोटिया | नेकनीयत |
| पुष्पा गोलछा | मातृशक्ति |
| उमेश गर्ग | सेवा की बागडोर |

# मुक्तहस्त वितरण

| नाम सर्वश्री/श्रीमती | उपाधि |
| --- | --- |
| अमित सरावगी | मृदुभाषी |
| अरुण कुमार सुरेका | टॉप ग्रेड |
| आत्माराम सोंथलिया | सम्मेलन की चिंता |
| बाबुलाल धनानिया | भारतीय परिधान |
| दीनदयाल गुप्ता | स्पष्ट वक्ता |
| धरम चंद अग्रवाल | सामाजिक दायित्व |
| गोविंद प्रसाद केजरीवाल | कायदे–आजम |
| डॉ. जुगल किशोर सर्राफ | हरदिल अजीज |
| महेश कुमार भागचंदका | साथ-साथ |
| नारायण प्रसाद डालमिया | दिल की बात |
| पवन कुमार लिल्हा | हिसाब-किताब |
| रविन्द्र चमड़िया | सहयोगी |
| सज्जन भजनका | समाज की चिंता |
| संतोष कुमार रुँगटा | मधुर मुस्कान |
| सुबीर पोद्दार | हाजिरजवाब |
| विशाल कानोड़िया | यदा–कदा |
| कमल नोपानी | व्यापारी प्रकोष्ठ |
| विनय सरावगी | डाइनैमिक |
| सूर्यकांत सांगानेरिया | उत्तरदायित्व |
| बाबुलाल अग्रवाल | बढ़े चलो |
| भगवान दास अग्रवाल | परोपकार |
| बिश्वनाथ भुवालका | सांस्कृतिक संसद |
| जुगल किशोर जाजोदिया | नेकी कर, कुएँ में डाल |
| प्रेमचंद सुरेलिया | मैं भी हूँ |
| रमेश कुमार बूबना | हितैषी |
| संपतमल बच्छावत | भरोसेमंद |
| श्यामलाल डोकानिया | पुरानी यादें |
| गणेश कुमार खेमका | ऊर्जावान |
| उमेश शाह | युवा तुर्क |

| नाम सर्वश्री/श्रीमती | उपाधि |
| --- | --- |
| आनंद कुमार अग्रवाल | दिलदार |
| अशोक कुमार तोदी | गुड लक |
| अतुल चुड़िवाल | संस्कृति-सार |
| बनवारीलाल शर्मा 'सोती' | जनसेवा |
| दीपक जालान | कलम की मार |
| दिनेश कुमार जैन | ठोस कदम |
| हरिप्रसाद बुधिया | केयर एण्ड शेयर |
| महावीर प्रसाद अग्रवाल | हितचिंतक |
| नंदलाल सिंघानिया | सैंया भये कोतवाल |
| पवन कुमार जालान | कर्मठ |
| प्रह्लाद राय गोयनका | एक ओंकार |
| सजन कुमार बंसल | समाजसेवा |
| संदीप फोगला | शिक्षाप्रेमी |
| सुभाष कुमार अग्रवाल | विनम्र |
| सुदेश कुमार अग्रवाल | उभरता सितारा |
| गौरी शंकर अग्रवाल | हरफनमौला |
| पवन कुमार सुरेका | धीर-गंभीर |
| राज कुमार केडिया | अपनी बात |
| ओंकारमल अगरवाला | प्रेम-पुजारी |
| बासुदेव प्रसाद यादुका | रियल स्टेट |
| बिजय कुमार डोकानियाँ | समय-समय की बात |
| चंदुलाल अग्रवाल | सहज-सरल |
| केदारनाथ गुप्ता | सुहृद |
| राम कैलाश गोयनका | उदासीन |
| रतन लाल अग्रवाल | रिश्ता भरोसे का |
| शरत झुनझुनवाला | सुलझे विचार |
| बसंत कुमार मित्तल | मिशन दक्षिण |
| सुषमा अग्रवाल | प्रियदर्शिनी |
| भागचंद पोद्दार | पुराना अनुभव |

*पृष्ठ १२ का शेषांश...*

सदस्याओं ने स्वागत-गीत प्रस्तुत किया। प्रादेशिक अध्यक्ष श्री अशोक जालान ने प्रदेश में चल रहे सामाजिक एवं सेवा के कार्यों का विवरण दिया। **श्री जालान ने आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही मारवाड़ी छात्रावास का निर्माण कार्य पूरा होगा एवं इसकी सेवाएँ समाज के संसाधनहीन शिक्षार्थियों को उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर मारवाड़ी छात्रावास परियोजना के प्रतिबद्ध दानदाता सर्वश्री ओम प्रकाश शाह, संतोष पारीक, बृजमोहन अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, पवन सुल्तानिया, दिनेश अग्रवाल के साथ भूमि दानदाता श्री अशोक जालान को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ द्वारा सम्मानित भी किया गया।** बैठक में संबलपुर शाखा अध्यक्ष श्री ज्ञान प्रकाश अग्रवाल, शिक्षा कोष के अध्यक्ष श्री नकुल अग्रवाल के अलावा सर्वश्री मनोज जैन, मंगतुराम अग्रवाल, नटवर लोहिया, श्याम सुंदर अग्रवाल सहित शाखा एवं प्रदेश के अनेक पदाधिकारी-सदस्यगण उपस्थित थे।

इसके पूर्व १४ जनवरी २०२० को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ के झारसुगुड़ा आगमन पर हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत प्रादेशिक अध्यक्ष श्री अशोक जालान, प्रादेशिक महासचिव श्री बिजय केडिया, प्रादेशिक उपाध्यक्ष श्री दिनेश अग्रवाल, सम्बलपुर शाखाध्यक्ष श्री ज्ञान प्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य श्री संतोष अग्रवाल, झारसुगुड़ा शाखाध्यक्ष श्री संजय लोधा, श्री पवन सुल्तानिया एवं अन्य सदस्यों ने किया। इसी दिन, झारसुगुड़ा-स्थित होटल मोहिनी रॉयल में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री सराफ ने कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन को केवल एक संगठन नहीं, बल्कि समाज के वटवृक्ष के रूप में देखा जाना चाहिए। समाज के लोगों में आपसी एकता, भाईचारा व समाज की संस्कार-संस्कृति बनाए रखना ही मारवाड़ी सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है। श्री सराफ ने उत्कल सम्मेलन द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं झारसुगुड़ा शाखा के लगन की प्रशंसा करते हुए सम्मेलन के कार्यक्रमों में समाज की भागीदारी और पूरी सक्रियता का आह्वान किया।



प्रादेशिक अध्यक्ष श्री अशोक जालान ने प्रदेश में किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा देते हुए सम्मेलन को एक नयी ऊँचाई की ओर ले जाने की बात कही। झारसुगुड़ा शाखाध्यक्ष श्री संजय लोधा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ एवं प्रादेशिक अध्यक्ष श्री अशोक जालान के आगमन से शाखा में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

बैठक में शाखा के वरिष्ठ सदस्य श्री अर्जुनलाल मोर, निवर्तमान अध्यक्ष श्री पवन कुमार शाह, सचिव श्री सुधीर डिडवानिया, सर्वश्री महेन्द्र केडिया, ओम प्रकाश खेतान, पवन सुल्तानिया, नवल अग्रवाल, मनीष शाह, आशीष बधान, मारवाड़ी महिला समिति झारसुगुड़ा शाखा की सचिव श्रीमती रेखा सरावगी, श्रीमती बबिता पोद्दार, मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा की अध्यक्षा श्रीमती बबिता मोदी, सचिव श्रीमती कविता मित्तल आदि ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सराफ का स्वागत किया।

## प्रांतीय समाचार - गुजरात

# गुजरात सम्मेलन का आदिवासी बच्चों हेतु महनीय कार्य

गत २४ जनवरी २०२० को गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन एवं अग्रवाल विकास ट्रस्ट महिला शाखा के संयुक्त प्रयास से सूरत के आदिवासी इलाके चिखली के छात्रावास से आयी ४५ छात्रायों को सूरत में घुमाया गया। साथ ही इनके लिए ४ महीनों के राशन की भी व्यवस्था की गयी।




मनोरंजन के क्रम में, बच्चियों ने पहले 'सिटी प्लस' थिएटर में फिल्म 'स्ट्रीट डांसर' देखा। इसके बाद, सबने इंडोर गेम्स का लुत्फ उठाया। इस दौरान गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के संरक्षक **श्री जय प्रकाश अग्रवाल** भी बच्चों के साथ मौजूद रहे जिनके सौजन्य से समाजहित का ये सत्कार्य मुमकिन हो पाया। दोपहर के भोजन (लंच) के बाद, सभी बच्चों को 'साईंस सेंटर' घुमाया गया। कार्यक्रम के दौरान गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री गोकुल बजाज, उपाध्यक्ष श्री गणपत भंसाली, महामंत्री श्री राहुल अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री श्री विजय मित्तल, संगठन मंत्री श्री शंकर गोयल आदि उपस्थित रहे।

# Krishi Rasayan Group

**29, Lala Lajpat Rai Sarani (Elgin Road),**
**Kolkata - 700020, West-Bengal, India**
**www.krishirasayan.com**
**E-mail: atul@krishirasayan.com**
**Telephone: +91-33-71081010/11**

With more than 50 years of experience in the agro-chemical business and being one of the oldest and leading agrochemical companies of India, **Krishi Rasayan** is touching new heights with each passing day.

The continuous process of upgradation, development and inherent changes according to the market requirements have helped **Krishi Rasayan** become a leader in the domestic circuit. **Krishi Rasayan** is expanding word-wide with exports and overseas registrations focusing on South-East Asia, Africa, Middle-East, CIS and Latin America.

**Krishi Rasayan** has 8 multi-location manufacturing plants in different parts of India and has 5 overseas subsidiaries.

**It also boasts of having contract technical manufacturing units in India manufacturing Pretilachlor, Ethephon, Cypermethrin, Profenofos, Imidacloprid, Thiamethoxam, Metalaxyl, Metribuzin, Acetamiprid, Glyphosate, Tricyclazole, Butachlor, Emamectin benzoate, Difenconazole and Chlorpyriphos.**

Additional technical products to be added are under process. The company has technical tie-ups and contract manufacturing with various companies in China and also has an office in Shanghai, China.

The company has many products including formulations such as EC, SC, WDG, SP, GR, EW and CS

**Krishi Rasayan** specializes in many combination products & bio-products. GLP data are available for most of the products; both 5-batch and 6-pack study.

**Insecticides:**

**Deltamethrin 1% + Triazofos 35% EC, Profenofos 40% + Cypermethrin 4% EC, Ethion 40% + Cypermethrin 4% EC, Chlorpyriphos 50% + Cypermethrin 5% EC, Acephate 25% + Fenvalerate 3% EC, Buprofezin 15% + Acephate 35% WP, Profenofos 20% + Cypermethrin 2% EC, Deltamethrin 2.5% + Permethrin 2.5% EC, and many other forumlations available.**

**Fungicides:**

**Metalaxyl 8% + Mancozeb 64% WP, Carboxin 37.5% + Thiram 37.5% DS, Carbendazim 12% + Mancozeb 63% WP, Streptomycin sulphate + Tetracycline hydrochloride (90:10), Iprodione 25% + Carbendazim 25% WP, Cymoxanil 8% + Mancozeb 64% WP, etc**

**Weedicides:**

**Metsulfuron methyl 10% + Chlorimuron ethyl 10% WP & other formulations available.**

**PGR's:**

**6BA, Amino Acids, Ethephon, Gibberallic Acid, Hydrogen Cynamide, Tricontanol**

**Bio-Products:**

**Bacillus thuringiensis var kurstaki 7.5% WP, Trichoderma harzianum 2% WP, Trichoderma viride 1% WP, Pseudomonas fluorescens 0.5% WP, Neem Oil, Azadirachtin, Beauveria bassiana 1.15% WP, Verticillium lecani 1.15% WP and other formulations available.**

# To your taste buds, with love...




Refreshingly, yours.

Indulgently, yours.

Addictively, yours.

Spicily, yours.

Healthily, yours.

Nourishingly, yours.

Delightfully, yours.

Obsessively, yours.

Temptingly, yours.

Passionately, yours.

Snackingly, yours.




Yours Tastefully Anmol™ | celebrating 25 years

BISCUITS

www.anmolindustries.com | Follow us on:

# SERVICES AT A GLANCE

- Laboratory Services - Advanced Automatic Equipments

- Radiology

- MRI / CT / Scan | - Digital X-Ray
- Ultrasonography | - Colour Doppler Study

- Cardiology

- ECG | - Echo-Cardiography
- Echo-Colour Doppler | - Holter Monitoring
- Treadmill Test (TMT)

- Wide Range of Pathology
- Pulmonary Function Test
- UGI Endoscopy / Colonoscopy
- Physiotherapy
- EEC / EMG / NCV
- General & Cosmetic Dentistry
- Elder Care Service
- Sleep Study (PSG)
- EYE / ENT Care Clinic
- Gynae and Obstetric Care Clinic
- Haematolgy Clinic
- Personalised Care (Injection, Dressing, ECG etc.) at your doorstep
- Health Check-up Packages
- Online Reporting
- Report Delivery

## Home Blood Collection

(033) 4021-2525, 97481-22475

98301 96659

Consultation I Diagnostics I Dentistry I Health Checks

# HAPPINESS COMES IN MANY COLOURS. FIND YOURS IN THE Happy Rainbow Box.

Kanoria Foundation
WORK WITH DEVOTION




SREI
Together We Make Tomorrow Happen

Srei, since three decades, has been in the business of financing infrastructure, developing projects and empowering entrepreneurs. Our Happy Rainbow Box is a collection of such happy and optimistic thoughts that have the potential to change the world for the better.

Infrastructure Project & Equipment Finance | Medical, IT, Agriculture & Mining Equipment Finance | Infrastructure Project Advisory, Development & Investments | Investment Banking | Insurance Broking

Log on to www.happyrainbowbox.com and #SpreadTheHappy

L&K | SAATCHI & SAATCHI

# संसाधनहीन समाजबंधुओं का सहयोग हमारा नैतिक कर्त्तव्य : सन्तोष सराफ

“**यह सत्य है कि ऐसा कोई समाज नहीं है, जिसकी समस्याएँ न हों, लेकिन साथ ही यह भी सत्य है कि ऐसी कोई समस्या नहीं, जिसका कोई समाधान न हो।**” ये विचार अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने गत १६ फरवरी २०२० को बेंगलुरु के रेसिडेन्सी रोड स्थित होटल चांसरी पैवेलियन में सम्मेलन की बेंगलुरु शाखा द्वारा आयोजित एक समारोह में व्यक्त किए। समारोह सम्मेलन की कर्नाटक प्रादेशिक शाखा एवं बेंगलुरु शाखा की स्थापना के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।



अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने सम्मेलन की गतिविधियों के विषय में बताते हुए कहा कि समाज के युवक-युवतियों ने शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। साथ ही सम्मेलन भी इस दिशा में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है। संसाधनहीन एवं मेधावी छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा में मदद के लिए केन्द्रीय सम्मेलन द्वारा अभी तक लगभग ढाई करोड़ रुपये का अनुदान दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर समाजबंधुओं के गम्भीर रोगों से ग्रसित होने पर उनके चिकित्सा में सहयोग हेतु एक प्रकल्प स्थापित करने की सम्मेलन की योजना है। श्री सराफ ने राजनैतिक चेतना को भी समाज की सर्वांगीण प्रगति के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि समाज के समर्थ लोगों का यह नैतिक दायित्व है कि वे वंचित समाजबंधुओं के सहयोग हेतु हर सम्भव प्रयत्न करें।



समारोह में प्रतिष्ठित संस्था रोटरी प्राईम के सौजन्य से दिव्यांग लोगों को कृत्रिम अंग (हाथ) प्रदान किए गए। रोटरी प्राईम के अध्यक्ष **श्री विजयराज, श्री अरविन्द सलामपुरिया**, एल. एन-४ के ग्लोबल अंबेसडर **श्री मोहन कुमार** आदि समारोह में उपस्थित थे। विशेषज्ञ **डॉ. मोनिका** ने कृत्रिम हाथों के संचालन आदि के विषय में जानकारी दी।



राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने सम्मानित अतिथियों एवं स्थानीय पदाधिकारियों के साथ दीप-प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। बेंगलुरु शाखा के अध्यक्ष **श्री अरुण खेमका** ने स्वागत-वक्तव्य दिया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** ने कहा कि बेंगलुरु में समाज की विभिन्न संस्थाएँ प्रशंसनीय सेवाकार्य कर रही हैं, यह अत्यंत हर्ष का विषय है। तथापि, इन सभी संस्थाओं को एक सूत्र में बाँधकर गुलदस्ता बनाने की जरूरत है। कृत्रिम अंगदान की पहल का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक सटीक, सुसामयिक कदम है। दक्षिण भारत में सम्मेलन के संगठन-विस्तार प्रभारी **श्री बसंत कुमार मित्तल** ने दक्षिण भारत में सांगठनिक गतिविधियों के विषय में बताया।

कर्नाटक प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष **डॉ. सुभाष अग्रवाल** ने अपने वक्तव्य में सामाजिक संगठन की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह में स्थानीय समाजसेवियों **सर्वश्री नारायण अग्रवाल, इंदुजी शर्मा, संजय गर्ग, विजय सराफ, सतीश जैन, संजय चौधरी, विपिन राम अग्रवाल, बिमल सरावगी, विकास पोद्दार, संदीप टिबड़ेवाल, सुशील बंसल, न्यायमूर्ति कृष्ण कुमार घोड़ीवाला** आदि को विधिवत सम्मानित किया गया।

बेंगलुरु सम्मेलन के सचिव **श्री शिव कुमार टेकड़ीवाल** ने धन्यवाद-ज्ञापन करते हुए कई सामाजिक बिन्दुओं पर प्रकाश डाला और कहा कि परम्पराओं का पालन करते हुए व्यवहारिक पहलुओं का भी ध्यान रखना चाहिए। **श्री सुशील बंसल** ने कुशलतापूर्वक मंच-संचालन किया। प्रांतीय महामंत्री **श्री रमाकान्त सर्राफ**, कोषाध्यक्ष **श्री महेश अग्रवाल, सर्वश्री प्रिंस जैन, पंकज जालान, अंकित मोदी** आदि ने समारोह की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई।

# तनाव से रहेंगे दूर – अपनाएँ लाफ्टर थेरेपी

सुबह-सुबह पार्क में आपको कुछ लोग ठहाके लगाते दिख जायेंगे। दरअसल यह तनाव भगाने का तरीका है, जिसे 'लाफ्टर थेरेपी' कहते हैं। 'लाफ्टर थेरेपी' के तहत बिना किसी खास वजह के लगभग दो मिनट तक दिल खोल कर हँसा जाता है। कहते हैं जब कोई हँसता है, तो मस्तिष्क के न्यूरो केमिकल्स सक्रिय हो जाते हैं और ये शरीर को अच्छा महसूस कराते हैं। दरअसल लाफ्टर योग इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है, जिससे न केवल आप बीमार होने से बचते हैं, बल्कि यह उच्च रक्तचाप, हृदयरोग, डायबिटीज, डिप्रेशन, आर्थ्राइटिस, एलर्जी, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, कमरदर्द, माइग्रेन, कैंसर तथा मासिक धर्म सम्बन्धी बीमारियों से भी निजात दिलाने में कारगर है। लाफ्टर थेरेपी से चुनौतीपूर्ण समय में सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की ताकत मिलती है। अच्छे समय में तो हर कोई हँस सकता है, लेकिन चुनौतियों से घिरने पर हँसते हुए उसका डटकर सामना करना ही कला है। लाफ्टर एक सकारात्मक मानसिक अवस्था बनाने में मदद करता है, ताकि आप नकारात्मक स्थितियों और नकारात्मक लोगों का सामना मजबूती से कर सकें।

**तनाव से मुक्ति :**

एक मिनट की हँसी शरीर को जितना सहज बनाती है, उतना सहज होने के लिए अन्य कोशिशों में कम-से-कम ४५ मिनट तक लग जाते है। खुलकर हँसने से इंसानी शरीर की धमनियों (ब्लड वैसल्स) में फैलाव जाता है, जिससे खून तेजी से शरीर के अन्य हिस्सों में पहुँचता है। खुशियों और सुकून से भरी इस थेरेपी से शरीर में एंडोरफिन और कॉर्टिसोल जैसे रसायनों का रिसाव होता है, जिससे व्यक्ति अच्छा महसूस करने लगता है।

**इम्यून सिस्टम पर असर :**

इम्यून सिस्टम का शरीर को ठीक रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। नकारात्मक सोच हमारे अन्दर तनाव, अवसाद और गुस्से को जन्म देती है। इनसे शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता तो कमजोर होती ही है, साथ ही इससे शरीर की बाहरी रोगों से लड़ने और उन्हें झेलने की ताकत भी कम हो जाती है। इसके विपरीत हँसने और खुश रहने से शरीर के नेचुरल किलर सेल्स यानी एंटी-बॉडीज मजबूत होते हैं।

**बीपी रहे नियंत्रित :**

हँसने से ब्लड वैसल्स में हुए फैलाव से खून का बहाव तेज होता है। हार्ट चैंबर में खून का दौरा ठीक होने से कार्डियो वैस्क्युलर समस्याओं से बचाव होता है। खुलकर हँसने से व्यक्ति के विचार छूट जाते हैं। वह सब भूलकर फील गुड फैक्टर में खो जाता है। इससे भी ब्लड प्रेशर नियन्त्रित होता है।

**झुर्रियां नहीं सताएंगी :**

जो लोग अधिक हँसते हैं, वे लम्बे समय तक युवा दिखते हैं। इसका कारण यह है कि हँसने से चेहरे की मांसपेशियों का व्यायाम होता है, जिससे जल्दी झुर्रियां नहीं पड़ती। हँसने से दिल तक पहुँचने वाली धमनियों में खून का प्रवाह सुचारु रूप से होता है, जिससे हृदय रोगों की आशंका भी काफी कम हो जाती है।

**आप रहेंगे चुस्त :**

खुश रहने से आप ज्यादा स्वस्थ रह सकते हैं। जो लोग जिंदगी को खुलकर जीते हैं, वे बुढ़ापे में तेजी से चलते हैं और ज्यादा सक्रिय रहते हैं। खुश रहने वाले बुजुर्गों को बिस्तर से उठने, कपड़े पहनने या नहाने में भी कोई दिक्कत नहीं होती। यानी वे ज्यादा फिट महसूस करते हैं।

**मिलेगी अच्छी नींद :**

लाफ्टर थेरेपी का एक फायदा यह भी देखने को मिलता है कि व्यक्ति को अच्छी और सुकून भरी नींद आती है। अच्छी नींद से व्यक्ति का तनाव भी कम होता है। अगर व्यक्ति तनावमुक्त रहता है, तो उसका मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। नीरसता, थकान और तनाव भागदौड़ भरे जीवन का हिस्सा बन गए हैं। इन सबके नकारात्मक प्रभाव को जीवन से समाप्त करने में लाफ्टर थेरेपी या लाफ्टर योग बहुत कारगर साबित हो सकते हैं। कहा तो यहाँ तक जा रहा है कि नकली हँसी से भी लगभग वही फायदा मिलता है जितना असली हँसी से। इसलिए हँसें– खिलखिलाएँ और स्वस्थ रहें।

## हँसने के लिए क्या करें :

कॉमेडी फिल्म या टीवी शो देखें।
कॉमिक बुक पढ़ें।
लाफ्टर क्लब के सदस्य बनें।
लोगों से फनी बातें करें।
अच्छे जोक या फनी स्टोरी शेयर करें।
दोस्तों के साथ अच्छा वक्त बिताएं।
सुबह लाफ्टर योग जरूर करें।
बच्चों के साथ कुछ समय बिताएं, साथ खेलें।
पिछली मजेदार यादों को ताजा करें।
कभी-कभी दिलचस्प हरकतें भी करें।

## बरतें सावधानी :

हँसने–हँसाने में चूक न हो जाए।
आपके मजाक दूसरे पर भारी न पड़ जाएं।
आप कहाँ और किस पर हँस रहे हैं, ध्यान रखें।
आपकी हरकत नागवार न हो जाए।
हँसी-हँसी में स्थिति खतरनाक न हो जाए।

## याद रखें :

जब आप हँसते हैं, तो सब कुछ भूल जाते हैं। ऐसे समय में आप तनाव, गुस्सा और अवसाद की स्थिति में नहीं हो सकते। केवल मुस्करा भी पाते हैं, तो चिन्ता न करें। इसे मंजिल की पहली सीढ़ी मानें।

*शेष पृष्ठ ३२ पर...*

# अपनी मातृभाषा में जो मिठास है, वो और कहीं नहीं : राज्यपाल जगदीप धनखड़

राजस्थान की समृद्ध लोक कलाओं के प्रचार-प्रसार, संरक्षण एवं उन्नयन को समर्पित संस्था मरुधारा के ३३वें पुरस्कार एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन गत १२ जनवरी २०२० को बालीगंज, कोलकाता स्थित जी.डी. बिड़ला सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को सम्बोधित करते हुए पश्चिम बंग के महामहिम राज्यपाल **श्री जगदीप धनखड़** ने कहा कि अपनी मातृभाषा में जो मिठास है, वो और कहीं नहीं। मरुधारा की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इन्होंने संस्कृति को जीवित रखने और राजस्थानियों को एक नाम देने में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

इस अवसर पर साहित्यकार-अधिवक्ता **श्री बंशीधर शर्मा को भुवालका जनकल्याण ट्रस्ट पुरस्कार**, प्रख्यात सारंगीवादक **श्री अल्लारखा कलावंत को श्रीमती जानकीदेवी सोमानी चैरिटी ट्रस्ट पुरस्कार** एवं साहित्य विदुषी **डॉ. तारा दुग्गड़ को मरुधारा सम्मान 'कस्तुरी मृगनाभ'** से विभूषित किया गया।

समारोह के दौरान मरुधारा ने अपने संरक्षक एवं सलाहकार पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया को राजस्थानी नृत्य-नाटिका '**प्रज्ञापुरुष महाकवि कन्हैयालाल सेठिया**' के माध्यम से श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक विशेषांक का प्रकाशन भी किया गया। निर्देशन सुप्रसिद्ध रंगकर्मी **श्री राजेन्द्र भूतोड़िया** ने एवं नृत्य-निर्देशन **श्री दीपांकर दास** ने किया। उल्लेखनीय है कि इस नाटिका में अभिनय संस्था के सदस्यों ने ही किया।

समारोह में प्रदेश की प्रथम महिला **श्रीमती सुदेश धनखड़**, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष



*समारोह को सम्बोधित करते महामहिम राज्यपाल श्री जगदीप धनखड़।*

**श्री संतोष सराफ**, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री रतनलाल शाह**, पद्मश्री सेठिया जी के सुपुत्र **श्री जयप्रकाश सेठिया** सहित अच्छी संख्या में महिलायें-पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मरुधारा की अध्यक्षा **श्रीमती उषा झुनझुनवाला**, उपाध्यक्षा **श्रीमती लक्ष्मी बाजोरिया**, सचिव **श्रीमती माधुरी बागड़ी**, संयुक्त सचिव **श्रीमती संजू कोठारी**, भुवालका जनकल्याण ट्रस्ट की **श्रीमती माला भुवालका** आदि ने अग्रणी भूमिका निभाई।



---

*पृष्ठ ११ का शेषांश...*

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल ने अपने सर्वसम्मत निर्वाचन हेतु सबका आभार प्रकट किया और कहा कि वे केरल में सम्मेलन के संगठन-विस्तार और समाजहित के कार्यक्रमों को गति देने के लिए यथासम्भव प्रयास करेंगे। श्री अग्रवाल ने केरल सम्मेलन के उपाध्यक्ष पद के लिए **सर्वश्री आलोक साबू, नरेन्द्र अग्रवाल एवं महेन्द्र जैन**, महामंत्री पद के लिए **श्री दीपक लाखोटिया**, कोषाध्यक्ष के लिए **श्री विकास सिंहल** एवं संयुक्त महामंत्री पद के लिए **श्री महेश गुप्ता** एवं **श्री सांवरमल कुम्पावत** के मनोनयन की घोषणा की।

महामंत्री श्री दीपक लाखोटिया ने भी अपने संक्षिप्त वक्तव्य में आभार ज्ञापित किया। श्री नरेन्द्र कुमार ने कुशल ढंग से मारवाड़ी भाषा में संचालन किया। सभा में सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री नारायण अग्रवाल, सर्वश्री निरंजन लाल मित्तल, शिव कुमार सिंहल, डी.एन. सिंहल, राधावल्लभ गुप्ता, के.डी. केजरीवाल, ठाकुर दास चांडक, रतन लाल बाफना सहित कोचीन, एर्नाकुलम,



कालीकट आदि से बड़ी संख्या में समाजबन्धु उपस्थित थे।

अगले दिन, १५ फरवरी २०२० को केरल सम्मेलन के अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल के आवास पर सद्यमनोनीत प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति की एक बैठक हुई जिसमें भावी कार्यकलापों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया एवं दक्षिण भारत में सम्मेलन के संगठन-विस्तार प्रभारी श्री बसन्त मित्तल ने भी भाग लिया।

## प्रांतीय समाचार - झारखंड

# झारखंड सम्मेलन का प्रतिभा सम्मान समारोह

गत ०९ फरवरी २०२० को राँची स्थित अग्रसेन भवन के सभागार में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा '**प्रतिभा सम्मान समारोह**' का आयोजन किया गया जिसमें झारखंड प्रांत के ५१ प्रत्याशियों जिन्होंने हाल में घोषित सी.ए. (चार्टर्ड एकाउन्टेंट) के परीक्षा में सफलता प्राप्त की एवं एम.बी.बी.एस. की परीक्षा में स्वर्णपदक प्राप्त कर समाज को गर्वान्वित करने वाली **डॉ. मोनारिका अग्रवाल** को सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में **राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री विनय सरावगी**, झारखंड प्रांत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष **श्री ओम प्रकाश अग्रवाल**, पूर्व प्रांतीय अध्यक्षगण **श्री भागचंद पोद्दार** एवं **श्री राज कुमार केडिया**, राँची सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री रवि शर्मा**, कार्यक्रम संयोजक **श्री वरुण जालान** के अलावा सर्वश्री पवन पोद्दार, प्रदीप राजगढ़िया, ज्ञान चंद शर्मा, उम्मेद जैन, पीयूष विजयवर्गीय, रोहित सारडा, विशाल पड़िया, श्रीमती मीनू अग्रवाल, प्रतिभागीगण एवं उनके परिवारजन सहित शहर के गणमान्य समाजबंधु उपस्थित थे।

# पूर्वी सिंहभूम सम्मेलन का मिलन समारोह

झारखंड प्रादेशिक सम्मेलन के अन्तर्गत पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने गत दिनों मिलन समारोह सह लिट्टी पार्टी का आयोजन मानगो डिमना रोड स्थित श्री राजस्थान भवन में किया। मौके पर सबने एक दूसरे को बधाई देते हुए लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया। समारोह का आतिथ्य जिलाध्यक्ष श्री उमेश शाह एवं जिला महामंत्री श्री अशोक मोदी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी.सी.पी. श्री विश्वनाथ माहेश्वरी, प्रांतीय अध्यक्ष श्री निर्मल काबरा, प्रांतीय महामंत्री श्री सुरेश सोंथालिया के अलावा सर्वश्री अरुण बांकरेलाल, बजरंग लाल अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, श्रवण मित्तल, अनिल मोदी, अशोक अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, शिव प्रकाश, उमेश कांवटिया, नरेश मोदी, भरत भूषण, महाबीर गुप्ता, संतोष अग्रवाल, रमेश मूनका, पंकज छावरिया, अरुण गुप्ता, सुनील देबुका, मुरारी लाल, प्रकाश शर्मा, विजय खेमका, अशोक खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य समाजबंधु उपस्थित थे।

# गुजरात सम्मेलन : वाद-विवाद प्रतियोगिता



गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा गत ०८ फरवरी २०२० को अग्रवाल विद्या विहार स्कूल भवन में स्कूल/कॉलेज स्तर पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आतिथ्य अग्रवाल विद्या विहार विद्यालय ने किया। दक्षिण गुजरात के लगभग सौ से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री गोकुल बजाज, उपाध्यक्षगण श्री विनोद अग्रवाल एवं श्री सुभाष अग्रवाल, महामंत्री श्री राहुल अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री श्री विजय मित्तल, संगठन मंत्री श्री शंकर गोयल, अग्रवाल विद्या विहार स्कूल के अध्यक्ष श्री विनोद गोयल आदि उपस्थित थे।

*पृष्ठ ३० का शेषांश...*

# तरह-तरह के हास्य योग



**बेली हास्य योग** : हास्य से रक्त में ऑक्सीजन का संचार होता है, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। पेट को कम करने के लिए दोनों हाथों को पेट पर रख कर जोर-जोर से हँसना बेली हास्य कहलाता है। इससे बढ़ा हुआ पेट भी कम होता है, जो आज की प्रमुख समस्या है।

**ताली हास्य योग** : तालियाँ लगातार बजाना ताली हास्य कहलाता है। इसमें बच्चों की तरह जोर-जोर से तालियाँ बजाकर हँसना होता है। इससे शरीर तनाव रहित हो जाता है। तालियाँ बजाने से एक्युप्रेशर ट्रीटमेंट भी होता है।

**मौन हास्य योग** : इसमें मुँह खुला ही रहता है, जैसे अवाक वाली हँसी। इससे हँसी की लहरें पूरे शरीर में घूमती हैं। यह बंद नाड़ियों की रूकावट को दूर करता है। इससे शरीर में रक्त का संचार सुचारु होता है, जिससे शरीर हल्का महसूस करता है।



*सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजचिंतक श्री सीताराम शर्मा के बेंगलुरु प्रवास के दौरान कर्नाटक सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. सुभाष अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा श्री शर्मा का भव्य स्वागत किया गया और उनके सम्मान में प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री ओम प्रकाश पोद्दार, रमेश भाऊवाला, जे.के. बजाज, शिव कुमार टेकरीवाल सहित गणमान्य समाजबंधु उपस्थित थे।*

## देवघर सम्मेलन का प्रेरक मानवीय कदम

मारवाड़ी सम्मेलन के देवघर जिला अध्यक्ष **श्री अशोक कुमार सर्राफ** के नेतृत्व में देवघर जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने एक लावारिस अज्ञात मारवाड़ी व्यक्ति के पार्थिव शरीर का क्रिया-कर्म करके अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

रानीगंज में एक छावछरिया परिवार रहता था। उस परिवार के अंतिम व्यक्ति श्री अनुपम कुमार छावछरिया रानीगंज छोड़कर देवघर में कई वर्षों से विंध्यवासिनी होटल में, एक कमरा भाड़े पर लेकर रहते थे। वे किसी से मिलते–जुलते भी नहीं थे। दिनांक ३० एवं ३१ दिसम्बर २०१९ के बीच की रात में उनका देहान्त हो गया। दो दिन बाद दरवाजा तोड़ने पर उनकी मृत्यु के बारे में लोगों को जानकारी मिली। उनके परिवार में कोई नहीं था। जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने प्रशासन से अनुरोध किया कि वे शव सम्मेलन को सुपुर्द कर दें, ताकि पार्थिव शरीर का दाह-संस्कार किया जा सके।

बहुत प्रयत्न के बाद, उनकी मौत के करीब २०० घंटे के बाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन को उनका क्षत-विक्षत शव प्रशासन से मिला जिसका दाह-संस्कार जिला मारवाड़ी समिति ने विधिवत श्रद्धापूर्वक किया। आर्थिक व्यवस्था श्री ओम प्रकाश छावछरिया ने की। **श्री अशोक सर्राफ, श्री ओम प्रकाश छावछरिया एवं देवघर सम्मेलन इस अनुकरणीय मानवीय कदम हेतु साधुवाद के पात्र है। झारखंड सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष श्री गोविन्द प्रसाद डालमिया सहित वरिष्ठ समाजबंधुओं ने इस हेतु जिला सम्मेलन का साधुवाद ज्ञापित किया है।**

## समाजसेवी बिमल कुमार जैन को पद्मश्री

भारत सरकार ने बिहार के समर्पित समाजसेवी श्री बिमल कुमार जैन को इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित करने की घोषणा की है।



श्री जैन गत पच्चीस वर्षों से दिव्यांगों के उत्थान के लिए सतत् प्रयत्नशील हैं और अंगदान के विषय में लोगों को जागरूक करने के लिए आन्दोलन चला रहे हैं। इस क्षेत्र में प्रयासरत प्रतिष्ठित संस्थाओं 'भारत विकास विकलांग न्यास' और 'दधीचि देह दान समिति, बिहार' के आप महामंत्री हैं।

श्री जैन सम्मेलन से भी लम्बे समय के सक्रिय रूप में जुड़े हुए हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष २०१८ में आपको बिहार सम्मेलन द्वारा 'समाज रत्न' की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है।

